बिहार पुलिस के दो जवानों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 17 को सराहनीय पुलिस सेवा पदक

चर्चा में क्यों?

26 जनवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस के दो जवानों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 17 को सराहनीय पुलिस सेवा पदक मिला है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

प्रमुख बिंदु

- यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब यहाँ से किसी को पुलिस वीरता पदक नहीं मिला है।
- विशिष्ट सेवा पदक पाने वालों में गया ज़िला के नीमचक बथानी के एसडीपीओ विनय कुमार शर्मा और आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के इंस्पेक्टर विनय कृष्ण शामिल हैं।
- इसके अलावा आईजी से लेकर हवलदार तक के 17 कर्मियों को सराहनीय पुलिस सेवा पदक से नवाजा गया है। इनमें आईजी (मुख्यालय) विनय कुमार समेत अन्य शामिल हैं।
- इस पदक पाने वालों की सूची में सबसे ज्यादा संख्या सीआईडी और डुमरांव स्थित बीसैप (बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस) के कर्मी शामिल हैं।
- इन 17 को मिला सराहनीय पुलिस सेवा पदक-
  - विनय कुमार, आईजी (मुख्यालय), पुलिस मुख्यालय, बिहार
  - आलमनाथ भुईया, हवलदार, किशनगंज
  - अवधेश कुमार सिंह, हवलदार, बी-सैप - 4, डुमरांव, बक्सर
  - अक्षयबर नाथ पांडेय, कॉंस्टेबल, बीसैप मुख्यालय, पटना
  - संजय कुमार शेखर, एएसआई, एटीएस, पटना
  - संतोष कुमार दीक्षित, एएसआई, सीआईडी, पटना
  - आलोक कुमार, कांस्टेबल, एससीआरबी, पटना
  - देवेंद्र कुमार, एएसआई, सीआईडी, पटना
  - धर्मराज शर्मा, कांस्टेबल, पुलिस मुख्यालय
  - धनंजय कुमार, कांस्टेबल - 107, सीआईडी, पटना
  - बैजनाथ कुमार, कांस्टेबल, किशनगंज
  - संजय कुमार, कांस्टेबल - 69, सीआईडी, पटना
  - मुख्तार अली, कांस्टेबल - 217, सीआईडी, पटना
  - बोअस एइंद, हवलदार, बीसैप - 4, डुमरांव, बक्सर
  - पंचरत्न प्रसाद गोंड, हवलदार, बीसैप - 4 डुमरांव
  - सिकंदर कुमार, हवलदार, बीसैप - 4, डुमरांव
  - सत्येंद्र कुमार, हवलदार, बीसैप - 4 डुमरांव
- विदित है कि विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित विनय कुमार शर्मा वर्तमान में गया ज़िले के नीमचक बथानी अनुमंडल में एसडीपीओ के पद पर तैनात हैं। इन्हें अपनी 28 साल की सेवा के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण इस पदक से सम्मानित किया गया है। इससे पहले 2017 में सराहनीय पुलिस सेवा पदक, 2018 में वीरता पुरस्कार और नक्सल के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिये 2019 में आंतरिक सुरक्षा पदक प्रदान किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/president-s-vishisht-seva-medal-to-two-bihar-police-personnel-and-meritorious-police-service-medal-for-17